489
20/9/12

खण्ड : 2 संख्या : 8,9,10

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(द्वितीय सत्र)

(भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

सत्यमेव जयते

सोमवार, दिनांक : 9 जुलाई 1990 ई०
मंगलवार, दिनांक : 10 जुलाई 1990 ई०
बुधवार, दिनांक : 11 जुलाई 1990 ई०

गांव जलमग्न हो गया है । जल जमाव के कारण धान के विचड़े बर्वाद हो गये हैं ।

अतः मैं सरकार से मांग करती हूं कि अविलम्ब किसानों को धान के विचड़े उपलब्ध कराने एवं बाढ़ की स्थिति से बचाने हेतु कारगर कदम उठाई जाए ।

**(ख) हड़ताल समाप्ति की ओर सरकार का ध्यानाकृष्ट कराना ।**

***श्री इन्दर सिंह नामधारी** : अध्यक्ष महोदय, मैं निम्न विषय में शून्यकाल. में उठाने की सूचना देता हूं । छोटानागपुर संथालपरगना प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं आज से आमरण अनशन पर बैठ गये हैं । इन शिक्षक शिक्षकाओं में अधिकांश आदिवासी हैं । माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र की अराजकता को सरकार अविलम्ब समाप्त करे तथा उनकी न्यायोचित मांगों को मान कर शिक्षा क्षेत्र में शांति स्थापित करें ।

**(ग) क्षतिग्रस्त पथ की शीघ्र मरम्मति ।**

***श्री रामजतन सिन्हा** : अध्यक्ष महोदय, जहानाबाद, जिला के इमामगंज-करपी-कहरतेलपा ग्राम्य अभियंत्रणा संगठन पथ करपी बाजार में नाली पानी के जमाव और गड्ढा हो जाने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त है । इस पथ पर सवारी गाड़ी के आवागमन बन्द हो जाने के कारण आम जनता परेशान है । सरकार इसकी शीघ्र मरम्मति कराये ।

**(घ) पदाधिकारियों का पदस्थापन ।**

***श्री दुती पाहन** : अध्यक्ष महोदय, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों का आपसी सहयोग से विकास कार्यों की गति

तेज सम्भव है । इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने घोषणा की है कि विधायकों की सहमति से उनके क्षेत्र में पदाधिकारियों की पदस्थापना होगी । परन्तु सरकार वादा से मुकर रही है । सरकार सदन में ब्यान दे ।

## ( ङ ) हैजे की अविलम्ब रोकथाम ।

**श्री विनायक प्रसाद यादव :** अध्यक्ष महोदय, राजधानी पटना और अब राज्य के अन्य शहरों जैसे, भागलपुर, मुजफ्फरपुर आदि में हैजे का प्रकोप बढ गया है । अभी तक लगभग 150 से अधिक लोग हैजे के मुंह में समा गये है सरकार अभी तक यही बहाना चला रही है कि यह हैजा नहीं गैस्ट्रोइन्टाइटिस है । महामारी की व्यापकता और कै-दस्त से स्पष्ट है कि हैजे का माहामारी है सरकार को अविलम्ब एपिडेमिक ऐक्ट लागू कर के पूरी जिम्मेवारी के साथ इसको अविलम्ब रोकने की व्यवस्था करनी चाहिएं ।

## ( च ) भागलपुर साम्प्रदायिक दंगा की जांच ।

**श्री रामदेव वर्मा :** अध्यक्ष महोदय, भागलपुर साम्प्रदायिक दंगा-जांच आयोग की आगामी 11 और 12 जुलाई की होने वाली रिकार्डो की जांच तथा 12 और 13 जुलाई की निर्धारित बैठकें पर्याप्त राशि के अभाव में स्थागित कर दी गई है । आयोग का काम वकील के अभाव में रूक गया हैं । इस सम्बन्ध में सरकार का वक्तव्य चाहता हूं ।

## ( छ ) भागलपुर में भंयकर महामरी के प्रकोप को रोकना ।

**श्रीमती सुधा श्रीवास्तव :** अध्यक्ष महोदय, भागलपुर शहर में दूषित पेय जलापूर्त्ति एवं शहर में फैली गंदगी के